**भारत सरकार**
**अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 3968**
**उत्तर देने की तारीख : 12.12.2019**

## एनएमडीएफसी द्वारा आयोजित प्रदर्शनी

**3968. श्री नारणभाई काछड़िया:**
**श्री परबतभाई सवाभाई पटेल:**
**श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर:**
**श्रीमती गीताबेन वी॰ राठवा:**
**श्री प्रदीप कुमार सिंह:**
**श्री शान्तनु ठाकुर:**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देशभर में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास और वित्त निगम (एनएमडीएफसी) द्वारा कितनी प्रदर्शनियां आयोजित की गई हैं;
(ख) एनएमडीएफसी द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए क्या मानदंड निर्धारित किए गए हैं;
(ग) उन राज्यों के नाम क्या हैं, जहां के लोगों ने उक्त प्रदर्शनियों में सबसे ज्यादा भागीदारी की है और तत्संबंधी राज्य–वार और जिला–वार ब्यौरा क्या है;
(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान आयोजित प्रदर्शनियों की संख्या कितनी है और उनके स्थान क्या हैं तथा स्टॉलों की संख्या कितनी है;
(ङ) इनमें शामिल होने वाले प्रतिभागियों का प्रदर्शनी–वार ब्यौरा क्या है; और
(च) सरकार द्वारा आयोजित प्रत्येक प्रदर्शनी के दौरान क्या लाभ हुए हैं और अन्य व्यय किए गए हैं तथा तत्संबंधी स्टॉल–वार/प्रतिभागी–वार ब्यौरा क्या है?

## उत्तर

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्री**
**(श्री मुख्तार अब्बास नकवी)**

(क) एनएमडीएफसी की शिल्पकारों के लिए विपणन सहायता योजना (एमएएस) है। इस योजना के अंतर्गत प्रदर्शनियां राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों (एससीए) के माध्यम से आयोजित की जाती हैं। गत 3 वर्षों के दौरान इस योजना के अधीन एससीए ने 15 प्रदर्शनियां आयोजित की हैं। इसके अतिरिक्त, गत 3 वर्षों के दौरान अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की विकास के लिए पारंपरिक कलाओं/शिल्पों में कौशलों और प्रशिक्षण का उन्नयन (उस्ताद) योजना के अंतर्गत 11 हुनर हाट प्रदर्शनियों का आयोजन भी किया गया।

(ख) छह अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों नामतः मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, पारसी और जैन समुदाय में से किसी भी समुदाय का कोई कारीगर/पाक कला विशेषज्ञ एनएमडीएफसी

द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए पात्र है। आवेदन प्रपत्र एवं अन्य विवरण वेबसाइट www.nmdfc.org पर उपलब्ध कराए जाते हैं।

(ग) पिछले 3 वर्षों के दौरान विपणन सहायता योजना के तहत आयोजित प्रदर्शनियों और हुनर हाटों में भाग लेने वाले कारीगरों की राज्यवार और वर्षवार संख्या दर्शाते हुए एक विवरण क्रमशः **अनुलग्नक–I** और **अनुलग्नक–II** में दिया गया है। एनएमडीएफसी द्वारा जिला–वार आंकड़े केन्द्रीय रूप से नहीं रखे जाते हैं।

(घ) से (च): पिछले 3 वर्षों के दौरान विपणन सहायता योजना और हुनर हाटों के तहत आयोजित प्रदर्शनियों की संख्या, प्रदर्शनियों का स्थान, भाग लेने वाले कारीगरों/पाक कला विशेषज्ञों की संख्या और किए गए व्यय को दर्शाने वाला विवरण क्रमशः **अनुलग्नक–III** और **अनुलग्नक–IV** में दिया गया है।

******

**12.12.2019 को उत्तर के लिए निर्धारित लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3968 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक–I**

| पिछले तीन वर्षों के दौरान एनएमडीएफसी की विपणन सहायता योजना में भाग लेने वाले कारीगरों और पाक कला विशेषज्ञों की राज्य–वार और वर्ष–वार संख्या | | | |
|---|---|---|---|
| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र एवं एससीए का नाम** | **2016–17** | **2017–18** | **2018–19** |
| गुजरात (जीएमएफडीसी) | – | – | **40** |
| जम्मू और कश्मीर (जेकेएससीएसटीबीसीडीसी) | – | – | **80** |
| जम्मू और कश्मीर (जेकेडब्ल्यूडीसी) | **80** | **80** | **80** |
| जम्मू और कश्मीर (जेकेडब्ल्यूडीसी) | **80** | **80** | **80** |
| केरल (केएसबीसीडीसी) | **80** | – | – |
| केरल (केएसबीसीडीसी) | – | **80** | – |
| नागालैंड (एनएसएसडब्ल्यूबी) | – | **40** | **40** |
| पश्चिम बंगाल (डब्ल्यूबीएमडीएफसी) | **160** | **80** | **80** |

**12.12.2019 को उत्तर के लिए निर्धारित लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3968 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक–II**

| पिछले तीन वर्षों में हुनर हाट प्रदर्शनियों में भाग लेने वाले कारीगरों और पाक कला विशेषज्ञों की राज्य–वार और वर्ष–वार संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र. सं.** | **राज्यों के नाम** | **2016–17** | **2017–18** | **2018–19** |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 8 | 9 | 8 |
| 2 | असम | 5 | 9 | 11 |
| 3 | बिहार | 9 | 11 | 13 |
| 4 | चंडीगढ़ | 1 | 0 | 0 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 0 | 0 | 3 |
| 6 | दिल्ली | 46 | 84 | 93 |
| 7 | गुजरात | 20 | 32 | 39 |
| 8 | हरियाणा | 1 | 1 | 3 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 2 | 2 | 2 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 31 | 19 | 21 |
| 11 | झारखंड | 3 | 7 | 11 |
| 12 | कर्नाटक | 7 | 9 | 5 |
| 13 | केरल | 7 | 5 | 4 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 14 | 19 | 27 |
| 15 | महाराष्ट्र | 6 | 18 | 13 |
| 16 | मणिपुर | 6 | 7 | 6 |
| 17 | मेघालय | – | 1 | – |
| 18 | मिजोरम | 1 | 2 | – |
| 19 | नगालैंड | 8 | 9 | 8 |
| 20 | ओडिशा | 4 | 3 | 6 |
| 21 | पुडुचेरी | 2 | 8 | 5 |
| 22 | पंजाब | 6 | 5 | 12 |
| 23 | राजस्थान | 21 | 28 | 38 |
| 24 | तमिलनाडु | 1 | 1 | 4 |
| 25 | तेलंगाना | 2 | 3 | 5 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 72 | 122 | 125 |
| 27 | उत्तराखंड | 4 | 3 | 7 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 15 | 20 | 19 |

**12.12.2019 को उत्तर के लिए निर्धारित लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3968 के भाग (घ) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक–III**

| पिछले तीन वर्षों के दौरान एनएमडीएफसी की विपणन सहायता योजना के तहत आयोजित प्रदर्शनियों के स्थलों, स्टालों और भाग लेने वाले कारीगरों की संख्या और किए गए व्यय का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | राज्य/एससीए/स्थान का नाम | प्रदर्शनियों की संख्या | कुल | | |
| | | | राशि लाख रु.में | लाभार्थियों की संख्या | स्टालों की संख्या |
| 1 | गुजरात (जीएमएफडीसी) वस्त्रपुर अहमदाबाद | **1** | **7.25** | **40** | **40** |
| 2 | जम्मू और कश्मीर (जेकेएससीएसटीबीसीडीसी) कला केंद्र जम्मू | **1** | **10.40** | **80** | **40** |
| 3 | जम्मू और कश्मीर (जेकेडब्ल्यूडीसी) – कला केंद्र जम्मू में 3 प्रदर्शनियां | **3** | **31.20** | **240** | **120** |
| 4 | जम्मू और कश्मीर (जेकेडब्ल्यूडीसी) – प्रदर्शनी ग्राउंड चंडीगढ़ में 3 प्रदर्शनियां | **3** | **31.20** | **240** | **120** |
| 5 | केरल (केएसबीसीडीसी) – पालक्काड़, केरल | **1** | **6.98** | **80** | **40** |
| 6 | केरल (केएसबीसीडीसी) – अलापुझा, केरल | **1** | **6.98** | **80** | **40** |
| 7 | नागालैंड (एनएसएसडब्ल्यूबी) – 2 प्रदर्शनियां, किसामा कोहिमा | **2** | **10.40** | **80** | **40** |
| 8 | पश्चिम बंगाल (डब्ल्यूबीएमडीएफसी) – 3 प्रदर्शनियां, पार्क सर्कस मैदान, कोलकाता | **3** | **36.44** | **320** | **160** |

**12.12.2019 को उत्तर के लिए निर्धारित लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3968 के भाग (घ) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक–IV**

| पिछले तीन वर्षों के दौरान आयोजित हुनर हाट प्रदर्शनियों में प्रदर्शनी स्थल, स्टालों और कारीगरों और पाक कला विशेषज्ञों की संख्या और किया गया व्यय दिखाने वाला विवरण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | प्रदर्शनी–स्थान | कारीगरों और पाक कला विशेषज्ञों की संख्या | स्टालों की संख्या | व्यय (करोड़ रु. में) |
| 1 | इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर 2016, दिल्ली | 172 | 92 | 2.12 |
| 2 | बाबा खड़क सिंह मार्ग–2017, दिल्ली | 130 | 130 | 239 |
| 3 | गांधी थाइडल बीच, गौबर्ट एवेन्यू, पुडुचेरी 2017 | 68 | 44 | 0.46 |
| 4 | इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर 2017, दिल्ली | 132 | 65 | 1.74 |
| 5 | इस्लाम जिमखाना, मुंबई, जनवरी, 2018 | 110 | 120 | 1.23 |
| 6 | बाबा खड़क सिंह मार्ग–2018, दिल्ली | 127 | 130 | 1.63 |
| 7 | शिल्प हाट, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, इलाहाबाद–2018 | 74 | 76 | 1.28 |
| 8 | गांधी थाइडल बीच, गौबर्ट एवेन्यू, पुडुचेरी–2018 | 64 | 42 | 0.82 |
| 9 | इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर, दिल्ली, 2018 | 94 | 47 | 1.19 |
| 10 | बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई, दिसंबर, 2018 | 130 | 132 | 2.96 |
| 11 | बाबा खड़क सिंह मार्ग–2019, नई दिल्ली | 126 | 128 | 1.78 |